# Rs 1 Cr Reward to World Cup winner Kranti Gaud

## State Government announces reward for her brilliant performance in the recently played cricket World Cup



Kranti Gaud in action

■ By Bhavana 'Aparajita' Shukla

STATE Government announced Rs 1 crore reward to State's daughter and one of the prominent members of winning Indian Women's Cricket World Cup team, Kranti Gaud on Monday.

As the Indian women's cricket team won its first-ever World Cup with a 52-run victory over South Africa in Navi Mumbai on Sunday, in State too, people are showering blessings on the team and ministers hailed their performance. Congratulating to the team, Chief Minister Dr Mohan Yadav said that daughters of the country performed well in cricket on Sunday night.

Kranti Gaud hailing from Chhatarpur contributed significantly to the team's victory and to encourage our players, the State Government will give Rs 1 crore reward to her.

Kranti Gaud represented Madhya Pradesh in domestic cricket and UP Warriorz in the Women's Premier League.

In April 2025, Gaud was selected in national team as a replacement player for Kashvee Gautam in the Sri Lanka Tri-Nation Series.

Social media platforms have since been flooded with reactions and match has become talk of the town. A young Indian cricket fan, Sanvi Joshi said, "I have become speechless to say on our victory. It is not just victory in a match but it give us (girls) a reason to take pride. To win a match is a team work. Every player played well and I watched every ball of Sunday's final. But Deepti Sharma played excellently.

Everyone contributed significantly. Since yesterday, I and my friends are feeling that we've won this World Cup, we were the players."



**मप्र की बेटी क्रांति गौड़, राज्य सरकार देगी 1 करोड़ रुपए**

भोपाल, मध्यप्रदेश

# 8वीं तक पढ़ी क्रांति, क्रिकेट के जूते खरीदने के पैसे नहीं थे, अब धनवर्षा

**भोपाल/छतरपुर** | क्रिकेट वर्ल्ड कप जीतने वाली भारतीय महिला टीम की सदस्य क्रांति गौड़ (22) को मप्र सरकार 1 करोड़ रु. की सम्मान राशि देगी। सीएम डॉ. मोहन यादव ने इसका ऐलान किया। छतरपुर के घुवारा की क्रांति छह भाई-बहनों में सबसे छोटी क्रांति की पढ़ाई आठवीं के बाद छूट गई। पिता मुन्ना गौड़, जो मप्र पुलिस में कांस्टेबल थे, 2012 में सेवा से हटा दिए गए। कई बार खाने तक के लाले पड़ गए। पर उन्होंने क्रांति के लिए सपने देखने जारी रखे। 2017 में क्रांति ने छतरपुर की एक अकादमी में ट्रेनिंग शुरू की। उनके पास क्रिकेट के जूते (स्पाइक्स) नहीं थे। कोच राजीव बिल्थारे ने फीस माफ की, 1,600 रुपए दिए।

**क्रांति की कोचिंग के लिए मां नीलम ने अपने गहने तक बेचे। क्रांति बोली- मां के जितने गहने बिके, उससे दोगुने बनवाऊंगी।**

शेष | पेज 10 पर

**वर्ल्ड कप में प्रदर्शन...** ▪ तेज गेंदबाजी आक्रमण की अगुवाई की। 8 मैचों में 9 विकेट झटके। ▪ पाकिस्तान के खिलाफ उन्होंने 10 ओवर में मात्र 20 रन देकर 3 विकेट लिए। प्लेयर ऑफ द मैच बनीं।

# क्रांति गौड़ को मप्र सरकार देगी एक करोड़ रुपये

नवदुनिया प्रतिनिधि, छतरपुर : महिला क्रिकेट विश्व कप की विजेता टीम की



क्रांति गौड़

सदस्य क्रांति गौड़ को मध्य प्रदेश सरकार पुरस्कार स्वरूप एक करोड़ रुपये देगी। मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव ने यह घोषणा करते हुए कहा कि, बेटियों पर मध्य प्रदेश समेत पूरे देश को गर्व है। विश्व कप जीतते ही छतरपुर जिले के घुवारा कस्बे में क्रांति गौड़ के घर पर प्रशंसकों ने जमकर आतिशबाजी की। क्रांति के पिता मुन्नालाल ने कहा कि बेटी का पिता होने पर उन्हें गर्व है। क्रांति गौड़ के प्रारंभिक कोच राजकुमार सेन ने कहा कि हमें विश्वास था कि क्रांति विश्व कप में शानदान प्रदर्शन करेगी। क्रांति की बहन जिया ने बताया कि आधी रात से ही लोग बधाई देने आ रहे हैं।

# मुख्यमंत्री ने क्रांति गौड़ को एक करोड़ रुपए देने की घोषणा की



आईसीसी महिला एकदिवसीय विश्व कप जीतने वाली भारतीय महिला क्रिकेट टीम की सदस्य और मध्यप्रदेश की बेटी क्रांति गौड़ को राज्य सरकार पुरस्कार स्वरूप एक करोड़ रुपये देगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सोमवार को इसकी घोषणा की है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि प्रदेश की बेटियों और देश की बेटियों ने जिस तरह से भारत और दक्षिण अफ्रीका के फाइनल में धूम मचाई है, उसके लिए मैं सबको बधाई देता हूं। छतरपुर की बेटी ने मान बढ़ाया है। विश्व कप जीतने वाली टीम में मप्र के छतरपुर जिले के घुवारा की बेटी क्रांति गौड़ भी हिस्सा रही है।

## क्रांति के गांव घुवारा में जश्न

छतरपुर। बुंदेलखंड अंचल के लिए भारतीय टीम की जीत गर्व का क्षण रही, क्योंकि टीम इंडिया की इस विजेता टीम में छतरपुर जिले के घुवारा नगर की बेटी क्रांति गौड़ भी शामिल रहीं। जैसे ही टीम इंडिया ने ऐतिहासिक जीत दर्ज की, घुवारा नगर में जश्न का माहौल छा गया। परिजन और ग्रामीण ढोल-नगाड़ों की थाप पर झूम उठे। जगह-जगह पटाखे फोड़े गए, मिठाई बांटी गई और एक-दूसरे को बधाइयां दी गईं। गांव में बड़ी एलईडी स्क्रीन लगाकर लोग मैच देखते रहे और जीत के साथ ही 'भारत माता की जय' के नारों से आसमान गूंज उठा। पिता मुन्ना सिंह गौड़ ने कहा कि आज बेटी ने पूरे गांव, जिले और देश का नाम रोशन किया है, यह क्षण हमारे जीवन का सबसे गर्वित पल है। मां नीलम सिंह की आंखों में खुशी के आंसू छलक उठे, उन्होंने कहा कि क्रांति ने साबित किया कि बेटियां किसी से कम नहीं होतीं। क्रांति के कोच रहे राजीव बिल्थरे ने बताया कि क्रांति ने शुरुआत में ही अपनी गेंदबाजी से सबका ध्यान खींचा था। आर्थिक स्थिति कमजोर थी, लेकिन उसके जज्बे और मेहनत ने सब बदल दिया।